प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 14.08.2026 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- केन्द्र सरकार ने राजस्थान के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषोन्नति योजना के तहत करीब 340 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी की।

- विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आज प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शनियां लगायी जा रही है।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज से दो दिन के श्रीगंगानगर और बीकानेर जिले दौरे पर–विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास तथा लोकार्पण करेंगे।

- राजस्थान लोक सेवा आयोग ने आगामी भर्ती परीक्षाओं और साक्षात्कारों के लिए व्यापक तैयारियां पूरी की।

0000

केन्द्र सरकार ने राजस्थान के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषोन्नति योजना के तहत 340 करोड़ 59 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी की है। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य के कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के साथ वर्चुअल बैठक में यह स्वीकृति दी। श्री चौहान ने इसमें प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत लगभग 216 करोड़ रुपये और कृषोन्नति योजना के तहत 124 करोड़ 47 लाख रुपये शामिल हैं। राजस्थान के लिए वर्ष 2026–27 में 849 करोड़ रुपये से अधिक की वार्षिक कार्ययोजना स्वीकृत की गई थी, जिसमें केंद्र का हिस्सा 509 करोड़ 62 लाख रुपये है। केंद्रीय मंत्री ने राज्य सरकार को शुभकामनाएं देते हुए किसान क्रेडिट कार्ड की स्थिति पर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि किसानों को समय पर और सुगमता से ऋण सहायता मिल सके।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज से दो दिन के श्रीगंगानगर और बीकानेर जिले के दौरे पर रहेंगे। वे आज श्रीगंगानगर के सादुलशहर में तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। इसके बाद अनूपगढ़ में सीमा सुरक्षा बल के जवानों से संवाद करेंगे और बॉर्डर आउटपोस्ट का अवलोकन करेंगे। श्री शर्मा धानमंडी में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण भी करेंगे। इसके बाद वे आज ही बीकानेर के मेघासर में मेघोजी की अश्वारूढ़ प्रतिमा का अनावरण और विकास कार्यों का शिलान्यास तथा लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री विभाजन विभीषिका प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे और ड्रोन शो में शामिल होंगे। शाम को वे स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके बाद कल मुख्यमंत्री राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे और 'युवा संवादः विकसित राजस्थान 2047' में युवाओं से बातचीत करेंगे। इस बीच स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला कलेक्टर निशांत जैन ने बताया कि आज के ड्रोन शो में एक साथ 600 ड्रोन उड़ान भरेंगे। इसके माध्यम से कला संस्कृति, लोक परम्पराओं और राष्ट्र से जुड़ी आकर्षक आकृतियां बनाई जाएंगी।

0000

स्वाधीनता दिवस से पहले आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर देश वर्ष 1947 के विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले और असहनीय पीड़ा झेलने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि दे रहा है। प्रदेशभर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। सभी जिलों में विभाजन विभीषिका से जुड़ी प्रदर्शनी लगायी गई है। प्रदर्शनी में विभाजन के दौरान विस्थापन, पीड़ा और संघर्ष की स्मृतियों को दर्शाया जा रहा है।

पाली में कैंडल मार्च और स्मृति संध्या रखी गई है। करौली से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिला मुख्यालय के टाउन हॉल में लगी प्रदर्शनी में वर्ष 1947 में हुए विभाजन की पीड़ा और संघर्ष को प्रदर्शित किया गया है।

0000

इस बीच, हर घर तिरंगा अभियान प्रदेशभर में परवान पर है। सरकारी कार्यालयों, स्मारको, प्रमुख बाजारों और सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा थीम पर सजाया गया है। सवाईमाधोपुर में जगह–जगह तिरंगा केनवस लगाये गये है, जिन पर लोग हस्ताक्षर कर राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति के संदेश लिख सकते है। वहीं हर ग्राम पंचायत में सांस्कृतिक कार्यक्रम रखे गये है जिनमें स्वतंत्रता सेनानियों, पूर्व सेनिकों, शहीदों के परिजनों और सुरक्षा बलों के सेवानिवृत्त कार्मिकों का सम्मान किया जा रहा है।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस और आमजन के प्रति संवेदनशीलता की नीति से काम कर रही है। वे कल जयपुर में नवनियुक्त सीएलजी सदस्यों के साथ संवाद कर रहे थे। उन्होंने सीएलजी सदस्यों से पुलिस और जनता के बीच विश्वास, संवाद और सहयोग का सेतु बनकर सुरक्षित राजस्थान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया। श्री शर्मा ने सीएलजी बैठकों को क्षेत्र की वास्तविक समस्याओं पर चर्चा का प्रभावी मंच बनाने को कहा। साथ ही असामाजिक तत्वों, नशे के कारोबार, महिला और बाल सुरक्षा, साइबर अपराध तथा सामाजिक तनाव से जुड़ी सूचनाएं समय पर पुलिस–प्रशासन तक पहुंचाने की अपील की।

0000

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने आगामी भर्ती परीक्षाओं और साक्षात्कारों के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। आयोग के अनुसार अगस्त 2026 से शुरू हो रहे भर्ती चक्र में 8 लाख 11 हजार से अधिक अभ्यर्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होंगे। आरएएस प्रारंभिक परीक्षा–2026 के लिए 5 लाख 8 हजार 885 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। ये परीक्षा 6 दिसंबर को होगी। वहीं, उप निरीक्षक पुनः परीक्षा–2021 में 2 लाख 18 हजार से अधिक अभ्यर्थी 20 सितंबर को परीक्षा देंगे। सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा 30 अगस्त और सहायक अभियोजन अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा 2 सितंबर को होगी। आयोग के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट कर्नल केसरी सिंह ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में शुचिता, पारदर्शिता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि अनुचित गतिविधियों के प्रति आयोग की जीरो टॉलरेंस नीति है और सुरक्षा तथा तकनीकी व्यवस्थाओं का विस्तार किया गया है।

0000

बीकानेर पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से गुम हुए 200 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। रेंज के महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि इन फोन को सिर्फ एक महीने में बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि इन मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपये है।

0000

बालोतरा के जानियाना में जल्द सरकारी पॉलीटेक्निक कॉलेज स्थापित किया जाएगा। इसके लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड सीएसआर फंड से राज्य सरकार को 22 करोड़ रुपये देगा। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा की मौजूदगी में गुरुवार को एचपीसीएल और तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों के बीच इस संबंध में एमओयू हुआ। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कॉलेज से क्षेत्र के युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि बालोतरा रिफाइनरी प्रदेश के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। गौरतलब है कि कॉलेज में रिफाइनरी की जरूरतों के अनुरूप रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। पहले वर्ष में पेट्रोलियम, मैकेनिकल, सिविल इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई प्रस्तावित है।

00000